# इतनी शक्ति हमें देना दाता ......

इतनी शक्ति हमें देना दाता ।
मन का विश्वास कमज़ोर हो ना ।।
हम चलें नेक रस्ते पे हमसे ।
भूलकर भी कोई भूल हो ना ।।
दूर अज्ञान के हों अंधेरे ।
तू हमें ज्ञान की रोशनी दे ।।
हर बुराई से बचते रहें हम ।
जितनी भी दे भली ज़िंदगी दे ।।
बैर हो ना किसी का किसी से ।
भावना मन में बदले की हो ना ।।
हम चलें नेक रस्ते पे हमसे ।
भूल कर भी कोई भूल हो ना ।।
हम न सोचें हमें क्या मिला है ?
हम ये सोचें किया क्या है अर्पण ?
फूल, खुशियों के बाँटे सभी को ।
सबका जीवन ही बन जाए मधुबन ।।
अपनी करूणा का जल तू बहा के ।
कर दे पावन हर एक मन का कोना ।।
इतनी शक्ति हमें देना दाता ।
मन का विश्वास कमज़ोर हो ना ।।

चिन्ता चित्त बिसारिए, फिर बूझिये नहिं आन।
इन्द्री पसारा मेटिए, सहज मिले भगवान।।